घरेलू पर्यटन व्यय और बहु संकेतक सर्वेक्षण

जनवरी 2020 - दिसम्बर 2020

राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय

सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

भारत सरकार

राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (एनएसओ) (पूर्व एनएसएसओ) 1950 से राष्ट्र सेवा में रत है। यह अपने देशव्यापी प्रतिदर्श सर्वेक्षणों के माध्यम से विभिन्न सामाजार्थिक पहलुओं पर एक मजबूत डाटा बेस आधार विकसित कर रहा है जिससे केन्द्र एवं राज्य सरकारों को विकास नियोजन एवं नीति निर्धारण में सहायता मिली है। राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (एन एस ओ) द्वारा किए जाने वाले सामाजार्थिक सर्वेक्षण दौरों के रूप में होते हैं, प्रत्येक दौर सामान्यत: एक वर्ष की अवधि का होता है।

रा.प्र.स.आंकडों की उपयोगिता

राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय द्वारा एकत्र किए गए आंकड़े योजना निर्माण, अनुसंधान, कल्याण, नीतियों के निमार्ण और क्रियान्वयन की सहायता से राष्ट्र विकास में मुख्य भूमिका निभाते हैं, जो समाज के जीवन स्तर को उन्नत करने के लिए विभिन्न योजनाएं और कार्यक्रम प्रदान कर उसकी बेहतरी तथा कल्याण का मार्ग प्रशस्त करते हैं।

वर्तमान सर्वेक्षण

राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (एनएसओ) और विभिन्न राज्यों के आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय 1 जनवरी 2020 से 31 दिसम्बर 2020 तक होने वाले इसके 78 वें दौर के सर्वेक्षण में घरेलू पर्यटन और बहु संकेतांक पर आंकड़े एकत्र कर रहे हैं। सर्वेक्षण में टूरिजम सेटेलाईट एकाऊंट (TSA) तैयार करने के लिए पारिवारिक विशेषताओं और घरेलू रात्री यात्राओं संबंधी यात्रा विशेषतओं सूचनाओं के साथ पर्यटन पर पारिवारिक व्यय की विस्तृत जानकारी एकत्र की जाएगी। इसके अतिरिक्त, घरेलू एक दिवसीय यात्रा और विशेष घरेलू यात्रा के संबंध में यात्राओं और व्यय की कुछ महत्वपूर्ण सूचनाएं भी एकत्र की जाएंगी।

सूचना का एकत्रीकरण

राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (एन एस ओ) के सुशिक्षित तथा प्रशिक्षित अधिकारीगण, इस प्रकार के सर्वेक्षणों के लिए विशेष रूप से तैयार हाथ में पकड़े जाने वाले उपकरण जैसे टेबलेट का उपयोग करके सूचना एकत्र करते हैं। ये अधिकारीगण वैज्ञानिक रूप से अभिकल्पित तकनीक के आधार पर चयनित गाँवों तथा कस्बों का दौरा करते हैं;

...2/-

घरों तथा परिवारों की सूची बनाते हैं, परिवारों की विनिर्दिष्ट संख्या का चयन कर घर के मुखिया या परिवार के जिम्मेदार और जानकार व्यक्ति का साक्षात्कार कर विस्तृत जानकारी एकत्र करते हैं। राज्य सरकारें भी यही प्रणाली तथा अनुसूचियां प्रयोग में ला कर समरुप आधार पर जानकारी एकत्र करती हैं।

इस सर्वेक्षण के दौरान व्यक्ति या परिवार से संबंधित एकत्र की गयी जानकारी गुप्त रखी जाती है और अन्य सरकारी विभागों सहित किसी के समक्ष प्रकट नहीं की जाती है।

सूचकों से सहयोग की अपेक्षा

इन सर्वेक्षणों की सफलता जनता द्वारा प्रदान की गई जानकारी की गुणवत्ता पर निर्भर करती है। एन एस ओ के अधिकारीगण आवश्यक जानकारी एकत्र करने के लिए आपसे संपर्क करेगें। आपके सहयोग एवं आवश्यक सहायता के बिना अपेक्षित विश्वसनीय आँकडों को प्राप्त करना संभव नही होगा। अत: सरकार आपसे अपील करती है कि इस सर्वेक्षण के लिए आपसे मिलने वाले हमारे अधिकारियों को अपना सहयोग प्रदान करें तथा उन्हें सही एवं पूर्ण आँकड़े उपलब्ध कराने के लिए अपने बहुमूल्य समय का कुछ अंश प्रदान करें।

राष्ट्र निर्माण प्रक्रिया में मूल्यवान सूचना प्रदान कर गौरवशाली भारतीय तथा जिम्मेदार नागरिक बनें।

अधिक जानकारी के लिए कृपया सम्पर्क करेः

मुख्याल	**क्षेत्रीय कार्यालय**
राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय सांख्यिकी भवन, सीबीडी, शाहदरा, कड़कड़डूमा कोर्ट के नजदीक, दिल्ली-110032 दूरभाष-011-22388160 वेबसाइट: www.mospi.nic..in	**पता तथा दूरभाष आदि**